

हेलो कप्तान, शायद रोहित ही अगले सीजन में मुंबई की कप्तान बन सकते हैं। रोहित मौजूदा समय में ना तो भारत के और ना ही मुंबई के कप्तान हैं। मैं मुंबई इंडियंस के लिए खेलता हूं और पांड्या की कप्तानी में टीम से जुड़े थे।

- मिचेल सैंटनर

न्यूजीलैंड कप्तान, रोहित की कप्तानी को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सचिन तेंदुलकर



भारतीय क्रिकेट की विरासत को सहेजने और खेल के इतिहास को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अपने करियर के कुछ सबसे खास बल्ले और यादगार वस्तुएं मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को भेंट करेंगे। इनमें वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के 100 शतक लगाए थे। इन सभी वस्तुओं को एमसीए के शरद पवार क्रिकेट संग्रहालय में प्रदर्शित किया जाएगा। इस विशेष संग्रह का अनावरण 16 नवंबर 2026 को एक समारोह में होगा।

क्या आप जानते हैं ?... वनडे क्रिकेट में भारत का सबसे बड़ा स्कोर 418 रन है, जो टीम ने साल 2011 में इंदौर में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था।

बैठकों से खेल के भविष्य को आकार देने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है : जय शाह

बाली में शुरू हुई आईसीसी बोर्ड और समिति की बैठकें, क्रिकेट के भविष्य पर होगी चर्चा



बाली, 11 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बोर्ड और समितियों की बैठकें बुधवार से इंडोनेशिया के बाली में शुरू हो गईं। 11 से 15 नवंबर तक चलने वाले इन बैठकों के कार्यक्रम में दुनिया भर से आईसीसी बोर्ड और समिति के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। वर्ष 2026 की ये अंतिम बैठकें आईसीसी और आईबीसी बोर्ड की बैठकों के साथ संपन्न होंगी।

इन बैठकों में क्रिकेट के भविष्य, प्रतियोगिताओं, प्रारूपों, व्यावसायिक स्थिरता और खेल के वैश्विक विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। आईसीसी की रणनीति के अनुरूप दुनिया भर में क्रिकेट के प्रशंसकों की संख्या बढ़ाने और खेल की लोकप्रियता को व्यापक बनाने के लिए सदस्य देशों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में फ्रेंचाइजी लीग समीक्षा समूह और प्रशासनिक व्यवस्था समीक्षा समिति की पहली सिफारिशों पर भी चर्चा होगी। इन दोनों समितियों का गठन जुलाई 2026 में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान किया गया था। बैठकों में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2027-29 और 2029-31 चक्र के मुकाबलों का प्रस्ताव रखा जाएगा। इसके अलावा 2028 से 2035 तक होने वाले आईसीसी के सभी प्रमुख पुरुष आयोजनों के आयोजन की समय-सीमा को मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

अफगानिस्तान की शरणार्थी महिला क्रिकेटरों के लिए गठित कार्यबल भी विकास पथ कार्यक्रम के अगले चरणों से जुड़े प्रस्ताव आईसीसी बोर्ड के सामने रखेगा। इसके साथ ही आईसीसी की निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) मान्यता कार्यक्रम पर भी मुख्य कार्यकारी समिति और आईसीसी बोर्ड में विचार किया जाएगा। चार दिनों के इस कार्यक्रम के दौरान आईसीसी की आठ समितियों की बैठकें होंगी। इसके बाद आईसीसी और आईबीसी बोर्ड की बैठकें आयोजित की जाएंगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, आईसीसी बोर्ड और समितियों की बैठकें खेल के वैश्विक संचालन निकाय के रूप में आईसीसी की मजबूती को दर्शाती हैं। दुनिया भर के सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को एक साथ लाने से विचारों के आदान-प्रदान, सहयोग को मजबूत करने और हमारे खेल के भविष्य को आकार देने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। साझा दृष्टिकोण और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से हम विश्व क्रिकेट के लिए अधिक मजबूत, समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इंडोनेशिया क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अभिराम सिंह यादव ने कहा, इंडोनेशिया क्रिकेट संघ की ओर से मैं बाली में आईसीसी बोर्ड और समितियों की बैठकों की मेजबानी के लिए इंडोनेशिया पर भरोसा जताने के लिए जय शाह का आभार व्यक्त करता हूं। हमें वैश्विक क्रिकेट समुदाय का इंडोनेशिया में स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। हमारा मानना है कि यह अवसर हमारे खिलाड़ियों, समर्थकों और क्रिकेट में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को प्रेरित करेगा।

रहमत ने रचा इतिहास, आईसीसी टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष 10 में पहुंचने वाले पहले अफगानिस्तानी खिलाड़ी बने

नई दिल्ली, 11 नवंबर। अफगानिस्तान के कप्तान रहमत शाह ने आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ सातवीं रैंकिंग हासिल कर इतिहास रच दिया है। वह अफगानिस्तान के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने टेस्ट बल्लेबाजी या गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में जगह बनाई है। जिम्बाब्वे के खिलाफ शारजाह में दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में करियर का सर्वश्रेष्ठ 173 रन बनाने के बाद उन्हें यह उपलब्धि मिली। उनके अब 735 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विकेटकीपर ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। पंत (713 रेटिंग अंक) आठवें और गिल (697) दसवें नंबर पर हैं। ये दोनों नवीनतम सूची में एक पायदान नीचे खिसके हैं।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूज़ीलैंड टीम घोषित

// रविन्द्र, डफी, कॉनवे और ब्लंडेल की वापसी //

वेलिंगटन, 11 नवंबर। भारत के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में जैकब डफी, रचिन रविंद्र, डेवोन कॉनवे और टॉम ब्लंडेल की वापसी हुई है। रविंद्र, कॉनवे, और ब्लंडेल चोट और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में नहीं खेल पाए थे। रचिन रविंद्र को भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से पहले एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान दाएं कंधे में चोट लग गई थी। उनका कंधा अपनी जगह से खिसक गया था, जिसके कारण वह वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से बाहर रहे। वहीं, डेवोन कॉनवे शुरुआती वनडे से पहले लगी चोट के बाद उससे उबर रहे थे, जबकि टॉम ब्लंडेल जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान थे। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड को 2-1 से टेस्ट सीरीज हराने वाली न्यूजीलैंड टीम से बेन सीयर्स, जैक फॉल्क्स और विल ओरूर्क को बाहर रखा गया है। सीयर्स टखने और फॉल्क्स कूल्हे की चोट से जूझ रहे हैं, जबकि ओरूर्क वापसी की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। केन विलियमसन भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पिछली सीरीज के बीच में ही संन्यास ले लिया था। टॉम लैथम की कप्तानी वाली टीम में जैकब डफी की भी वापसी हुई है। भारत के खिलाफ यह टेस्ट सीरीज न्यूजीलैंड के नए बल्लेबाजी कोच बीएल वॉटलिंग के कार्यकाल की भी शुरुआत होगी। वह 16 नवंबर से अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, यह सीरीज ब्लैककैप्स के लिए टेस्ट क्रिकेट के एक रोमांचक घरेलू सत्र की शुरुआत है। मार्च तक कुल 10 टेस्ट मैच खेले जाने हैं, इसलिए टेस्ट क्रिकेट के प्रशंसकों के लिए मुकाबलों की कोई कमी नहीं होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक दांव पर होंगे, लेकिन हमारा ध्यान भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने पर रहेगा। न्यूजीलैंड की टीम फिलहाल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर है। भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद न्यूजीलैंड दिसंबर-जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैच खेलेगा। इसके बाद फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज होगी।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर और विल यंग।



राजस्थान अंडर-16 टीम घोषित, 15 खिलाड़ियों को मिला मौका

आरसीए ने टीम के साथ सपोर्ट स्टाफ की भी घोषणा की, निरजीत सिंह सुरपुर होंगे मुख्य कोच

जयपुर, 11 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने आगामी लखनऊ में आयोजित विजय मर्चेंट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम एवं सपोर्ट स्टाफ की घोषणा कर दी है। घोषित टीम में 15 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। टीम की कमान कोचिंग स्टाफ के रूप में निरजीत सिंह सुरपुर को मुख्य कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। **राजस्थान टीम में शामिल खिलाड़ी:** आदित्य राज बड़सरा, अंजान्या शर्मा, दैविक सोमानी, हर्षित यादव, कुमार वासुदेव, लव्या गुप्ता, लवमीत गुर्जर, नमन यादव, निधिश राज, निलय अरोड़ा, सचिन मीणा, साहिल खान, सुशांत बसनेट, तविश शर्मा और वशिष्ठ शर्मा। **सपोर्ट स्टाफ:** निरजीत सिंह सुरपुर (हेड कोच), आबिद खान (कोच), दिलकांत सिंह माचरा (स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच), दिनेश बिश्नोई (मैनेजर), सुभाष महाला (वीडियो एनालिस्ट), विजय प्रकाश शर्मा (कोच) और अरविंद पलसानिया (फिजियो) को शामिल किया गया है।

रत्नगर में 13 से 15 तक होगी राज्य स्तरीय कॉर्फबॉल प्रतियोगिता

जयपुर, 11 नवंबर। राजस्थान कॉर्फबॉल संघ के तत्वावधान में 12वीं सीनियर राजस्थान राज्य स्तरीय कॉर्फबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 नवंबर तक चूरू जिले के रतनगढ़ स्थित नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 25 जिलों के 400 से 500 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे। राजस्थान कॉर्फबॉल संघ के सचिव पारस राम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान आगामी सीनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम के खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के साथ ही 14 नवंबर को रतनगढ़ में राजस्थान कॉर्फबॉल संघ की साधारण सभा की बैठक भी आयोजित होगी। बैठक में आगामी वर्ष में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के कैलेंडर पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में कॉर्फबॉल खेल के विकास और विस्तार को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

पॉल रीफेल ने अंपायर के रूप में पूरे किए 100 वनडे, आईसीसी ने दी बधाई

नई दिल्ली, 11 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने ऑस्ट्रेलिया के पॉल रीफेल को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अंपायर के रूप में 100 मैच पूरे करने पर बधाई दी है। रीफेल ने मंगलवार को न्यूजीलैंड और भारत के बीच हैमिल्टन में खेले गए तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाते हुए यह उपलब्धि हासिल की। रीफेल कम से कम 100 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में मैदानी अंपायरिंग करने वाले दुनिया के 23वें अंपायर बन गए हैं। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले छठे ऑस्ट्रेलियाई अंपायर हैं। उनसे पहले डैरिल हार्पर, साइमन टॉफिल, डैरेल हेयर, स्टीव डेविस और रॉड टकर यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल का शेड्यूल हुआ कंफर्म, भारत-पाक के बीच हो सकता है महामुकाबला

नई दिल्ली, 11 नवंबर। अंडर19 एशिया कप 2026 इस वक्त ओमान में खेला जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 8 टीमों ने हिस्सा लिया था, लेकिन अब सिर्फ चार टीमें ही आगे जाएंगी। 4 टीमों का सफर लीग फेज के बाद समाप्त हो गया है। इस टूर्नामेंट से बाहर होने वाली टीमों में यूएई, नेपाल, श्रीलंका और मलेशिया की टीम शामिल है। वहीं, आगे जाने वाली टीमों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीम शामिल है। इन्हीं चार टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। ऐसे में जान लीजिए कि सेमीफाइनल में कौन कब किससे भिड़ेगा और क्या भारत और पाकिस्तान की टक्कर फिर से होगी?

सबसे पहले बात करते हैं अंडर 19 एशिया कप के सेमीफाइनल की तो ग्रुप ए से पाकिस्तान और भारत की टीम ने सेमीफाइनल का टिकट कटाया है, जबकि ग्रुप बी से अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने टॉप 4 में एंट्री की है। हालांकि, सेमीफाइनल मैच अलग-अलग ग्रुप वाली टीम से होंगे। ऐसे में इंडिया और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल में टक्कर नहीं होगी।

भारत को अफगानिस्तान और पाकिस्तान को बांग्लादेश से सेमीफाइनल में भिड़ना है। दोनों सेमीफाइनल मैच कल यानी गुरुवार 12 नवंबर को आयोजित होंगे। पहला सेमीफाइनल मैच पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड के मिनिस्ट्री टर्फ 1 में खेला जाएगा, जबकि साथ में इंडिया और अफगानिस्तान के बीच टर्फ 2 में दूसरा सेमीफाइनल खेला जा रहा होगा। अगर पाकिस्तान ने बांग्लादेश और भारत ने अफगानिस्तान को हरा दिया तो फिर दोनों की टक्कर फाइनल मैच में भी हो सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच लीग फेज में मैच हुआ था, जो काफी रोमांचक था। उसमें पाकिस्तान को जीत मिली थी। ऐसे में अगर भारत और पाकिस्तान के बीच अंडर 19 एशिया कप 2026 का फाइनल यानी खिताबी मुकाबला खेला गया तो भारत चाहेगा कि पाकिस्तान को पटखनी दी जाए और खिताब अपने नाम करते हुए लीग फेज में मिली हार का बदला लिया जाए।

अंडर 19 एशिया कप 2026 का फाइनल मैच एक दिन के गैप के बाद आयोजित होगा। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड के टर्फ 2 में फाइनल मैच का आयोजन होगा। लोकल टाइम के अनुसार सेमीफाइनल और फाइनल मैच सुबह 9 बजे शुरू होंगे, लेकिन उस समय भारत में सुबह के साढ़े 10 बज रहे होंगे। लीग फेज में पाकिस्तान ने अपने तीनों मैच जीते थे, जबकि भारत ने 3 में से दो मैचों में जीत दर्ज की थी। ग्रुप बी में अफगानिस्तान तीनों मैच जीतने में सफल हुआ था और बांग्लादेश ने 3 में से 2 मैच भारत की तरह जीते।

अंशुल आगामी टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का अहम हथियार : शास्त्री



नई दिल्ली, 11 नवंबर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच बहुप्रतीक्षित टेस्ट सीरीज का मंच पूरी तरह तैयार हो चुका है। दोनों देशों के बीच फिलहाल वनडे सीरीज खेली जा रही है, जिसके खत्म होने के ठीक बाद भारत और न्यूजीलैंड दो टेस्ट मैचों की सीरीज में आमने-सामने होंगे। पहला टेस्ट मुकाबला 19 नवंबर 2026 से शुरू होने वाला है। टेस्ट मैच की प्लेइंग इलेवन को लेकर जारी चर्चाओं के बीच पूर्व भारतीय मुख्य कोच और दिग्गज क्रिकेटर रवि शास्त्री ने युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज की जमकर सराहना की है और उन्हें आगामी टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का अहम हथियार बताया है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रवि शास्त्री ने स्टार गेंदबाज अंशुल कंबोज की जमकर तारीफ की। उन्होंने उम्मीद जताई कि टेस्ट सीरीज में अंशुल न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करेंगे। रवि शास्त्री ने कहा, "वह बल्लेबाजी भी कर सकते हैं, जो अंशुल के लिए एक प्लस पॉइंट है। टेस्ट मैच या वनडे गेम के बीच के ओवरों में, आपको ऐसे गेंदबाजों की जरूरत होती है जो विकेट निकाल सकें। भारत अभी 2-0 से आगे है, तो इसका श्रेय अंशुल और गुरनूर बराड़ के प्रदर्शन को जाता है। आमतौर पर बीच के ओवरों में भारत विकेट लेने के लिए स्पिनरों का इस्तेमाल करता है, लेकिन इस बार तेज गेंदबाजों ने यह काम बखूबी किया है।" "न्यूजीलैंड जैसे देश में, टेस्ट क्रिकेट के दौरान आपको एक ऐसे खिलाड़ी की जरूरत होती है जो लगातार मेहनत कर सके (वर्कहॉर्स)। मुझे लगता है कि अंशुल कंबोज ऐसे ही खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। वह आकर 15 ओवर गेंदबाजी कर सकते हैं और एक छोर को संभाल कर रख सकते हैं-खासकर तब, जब हालात मुश्किल हों, तेज हवाएं चल रही हों या ऐसी ही कोई और चुनौती हो।"

अनुष्का बनी इंडिया-ए टीम की कप्तान, मिन्नू मणि संभालेंगी मल्टी डे मैचों की कमान



नई दिल्ली, 11 नवंबर। इंग्लैंड ए की महिला टीम के भारत दौरे के लिए बीसीसीआई ने इंडिया ए की तीनों टीमों का ऐलान कर दिया है। टी20 और एकदिवसीय मुकाबलों में अनुष्का शर्मा भारतीय टीम की कप्तानी करेंगी, जबकि कई दिनों के मैच के लिए मिन्नू मणि को कप्तान बनाया गया है। इस दौरे पर भारत की युवा और उभरती खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबलों से पहले अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाली ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को तीनों टीमों में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। वहीं, अमनजोत कौर भी टी20 टीम का हिस्सा होंगी। चोट के कारण लंबे समय तक मैदान से दूर रहने के बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 टीम में वापसी की थी।

भारत और इंग्लैंड ए के बीच सीरीज की शुरुआत 30 नवंबर से पुणे में होने वाले 3 टी20 मुकाबलों के साथ होगी। इसके बाद 8 दिसंबर से 3 एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। दौरे का आखिरी मुकाबला 19 दिसंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होगा। यह 4 दिन का एकमात्र मैच होगा।

23 साल की अनुष्का शर्मा इस साल पहले भी इंग्लैंड ए और ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंडिया ए की टी20 टीम की कप्तानी कर चुकी हैं। सीमित ओवरों की दोनों टीमों में मिन्नू मणि को उपकप्तान बनाया गया है। वहीं, कई दिनों के मुकाबले में तेजल हसबनिस उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी।

टी20 के लिए भारत ए टीम: अनुष्का शर्मा (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), वृंदा दिनेश, तनीषा सिंह, सानिका चालके, निकी प्रसाद, जी कमलिनी, शिप्रा गिरी, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, वैष्णवी शर्मा, प्रेमा रावत, साइमा ठाकोर, मोनिका पटेल, काशवी गौतम।

वनडे के लिए भारत ए टीम: अनुष्का शर्मा (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), वृंदा दिनेश, तनीषा सिंह, प्रिया पुनिया, निकी प्रसाद, जी कमलिनी, शिप्रा गिरी, तेजल हसब्निस, श्रेयंका पाटिल, अमीषा बहुकंदी, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, अक्षिता भगत, काशवी गौतम।

मल्टी-डे मैच के लिए भारत ए टीम: मिन्नू मणि (कप्तान), तेजल हसब्निस (उप-कप्तान), शुभा सतीश, प्रिया पुनिया, तनीषा सिंह, पूर्वजा वेलेंकर, हेनरीटा परेरा, शिप्रा गिरी, उमा छेत्री, श्रेयंका पाटिल, साइमा ठाकोर, अक्षिता भगत, अमीषा बहुकंदी, हैप्पी कुमारी, शबनम शकील।

हार्दिक पांड्या पंजाब किंग्स में शामिल, अर्शदीप मुंबई इंडियंस से जुड़े

नई दिल्ली, 11 नवंबर। टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2027 से पहले खिलाड़ियों के बड़े ट्रेड के तहत मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पंजाब किंग्स में शामिल होंगे, जबकि भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस का हिस्सा बनेंगे। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच यह बड़ा खिलाड़ी ट्रेड पूरा हो गया है। हार्दिक पांड्या के इस फैसले के साथ मुंबई इंडियंस के साथ उनका दूसरा कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। वह इस फ्रेंचाइजी के साथ चार बार आईपीएल खिताब जीत चुके हैं। हार्दिक पहली बार 2015 में मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। इसके बाद उन्होंने खुद को लीग के सबसे प्रभावशाली ऑलराउंडरों में स्थापित किया। मुंबई की खिताबी जीत में उन्होंने 2015, 2017, 2019 और 2020 में अहम योगदान दिया। हार्दिक ने अब तक 162 आईपीएल मैचों में 146.28 के स्ट्राइक रेट से 2,955 रन बनाए हैं और 82 विकेट भी हासिल किए हैं। उनका यह प्रदर्शन उन्हें एक अनुभवी और मैच जिताने वाले खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है।



डब्ल्यूटीए फाइनल्स : लिंडा नोस्कोवा ने कोको गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

इंडियन वेल्स, 11 नवंबर। विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वहीं, जेसिका पेगुला ने यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक को हराकर अंतिम चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदें कायम रखीं। चेक गणराज्य की आठवीं वरीयता प्राप्त नोस्कोवा ने ग्रुप-1 के मुकाबले में गॉफ को 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। उन्होंने गॉफ की कमजोर सर्विस का फायदा उठाते हुए पहले सेट में चार बार उनकी सर्विस तोड़ी और 6-3 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरुआत में भी नोस्कोवा ने निर्णायक ब्रेक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने मैच में अपना नौवां ऐस लगाते हुए मुकाबला समाप्त किया और सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर लिया। जीत के बाद नोस्कोवा ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। इस प्रतियोगिता में हर जीत महत्वपूर्ण है। कोको एक बड़ी प्रतिद्वंद्वी हैं, इसलिए मुझे आज हर तरह की चुनौती के लिए तैयार रहना था।

नीरज ने विश्व चैम्पियनशिप में जीता कांस्य, भारत को ओलंपिक कोटा भी दिलाया



दोहा, 11 नवंबर। भारतीय निशानेबाज नीरज कुमार ने बुधवार को कतर के दोहा में आयोजित आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप (राइफल, पिस्टल और शॉटगन) में कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में भारत के लिए लॉस एंजिलिस ओलंपिक-2028 का कोटा भी हासिल किया। नीरज मुकाबले में शीर्ष दो स्थानों पर जगह बनाने की राह पर थे, लेकिन अंतिम निशाने पर 9.7 अंक हासिल करने के कारण उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। उन्होंने कुल 346.5 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। चेक गणराज्य के पैट्रिक यानी 357.2 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि स्वर्ण पदक रूस के दिमित्री पिमेनोव ने जीता। पिमेनोव ने 362.8 अंक हासिल करते हुए जूनियर विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। भारत के एक अन्य निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर पांचवें स्थान पर रहे। वह भी ओलंपिक कोटा हासिल करने के करीब पहुंचे, लेकिन दूसरे स्थान पर रहे पैट्रिक यानी पहले ही एक अन्य स्पर्धा में कोटा हासिल कर चुके थे। इस कारण इस स्पर्धा का कोटा नीरज के नाम रहा। नीरज और ऐश्वर्य के संयुक्त प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इस स्पर्धा में टीम कांस्य पदक भी हासिल किया। भारत ने इससे पहले 2023 में बाकू में टीम स्वर्ण और 2022 में काहिरा में टीम कांस्य पदक जीता था।

पाकिस्तान-श्रीलंका दूसरा टेस्ट लाहौर से रावलपिंडी शिफ्ट

नई दिल्ली, 11 नवंबर। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट लाहौर से रावलपिंडी शिफ्ट कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को इसकी घोषणा की। मुकाबला 17 नवंबर से रावलपिंडी में ही खेला जाएगा, जहां दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट जारी है। वेन्यू शिफ्ट करने के पीछे की वजह मौसम है। लाहौर इन दिनों मौसमी स्मॉग की चपेट में है। 10 नवंबर को लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर था। हर साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच पाकिस्तान और भारत के कुछ हिस्सों में स्मॉग की समस्या रहती है। खराब विजिबिलिटी के कारण ब्रॉडकास्टर्स ने लाहौर में मैच के लाइव प्रसारण की क्वॉलिटी को लेकर चिंता जताई थी। एयर क्वालिटी बिगड़ने के बाद ब्रॉडकास्टिंग टीम को लाहौर की यात्रा की तैयारी रोकने के लिए कहा गया था। इसके बाद ने मैच का वेन्यू बदलने का फैसला लिया।

शिलांग में 12 से 17 तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान सीनियर तीरंदाजी टीम रवाना



जयपुर, 11 नवंबर। मेघालय के शिलांग में 12 से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान की टीम बुधवार को रवाना हुई। राजस्थान तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर टीम को रवाना किया।

इस बार राजस्थान तीरंदाजी संघ ने खिलाड़ियों को बड़ी सुविधा देते हुए पहली बार पूरी टीम के आने-जाने के हवाई टिकट की व्यवस्था की है। सभी खिलाड़ियों की हवाई यात्रा का पूरा खर्च संघ की ओर से वहन किया गया है। संघ अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने कहा कि राजस्थान के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना संघ की प्राथमिकता है। हवाई यात्रा की व्यवस्था से खिलाड़ियों का समय बचेगा और वे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजस्थान की टीम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतने में सफल रहेगी।

यह प्रतियोगिता राजस्थान के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी के दौरान आगामी राष्ट्रीय खेलों में भागीदारी के लिए टीम को अपना कोटा निर्धारित करने का अवसर मिलेगा। ऐसे में राजस्थान तीरंदाजी संघ ने खिलाड़ियों की बेहतर तैयारी और प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई है।

राजस्थान टीम में शामिल खिलाड़ी: अभिलाषा यादव, अनुज भाम्भू, भारती, धृति शर्मा, हरप्रीत कौर, हर्षित, कल्पना रेगर, खुशी शर्मा, कुमकुम जांगिड़, महेश कुमावत, नरेंद्र जाट, नेहा वैष्णव, निक्की शर्मा, निशांत शेरावत, प्रद्युम्न यादव, प्रतिभा कंडारा, प्रिया गुर्जर, राहुल मीणा, शिवानी, वासु यादव, विकास यादव, विवेक कुमावत, यशवंत सैनी और युवराज वर्मा। **टीम के साथ प्रशिक्षक एवं अधिकारी:** अनिल जोशी, अर्जुन यादव और सोमेश (प्रशिक्षक), पूजा आचार्य (महिला प्रशिक्षक) तथा सुवीर देव नाथ (मैनेजर) भी टीम के साथ रवाना हुए।